वर्ष- 3 , अंक- 188

छपरा

12 जून शुक्रवार 2026



दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

: ब्रीफ बॉक्स :

## दिल्ली में सिंगर गुरु रंधावा के जिम पर फायरिंग

**लॉरेंस गैंग ने जिम्मेदारी ली; लिखा- समझाया था सलमान से दूर रह, वह हमारा दुश्मन**



**जालंधर,एजेंसी।** दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में गुरुवार तड़के एक जिम के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह जिम दिल्ली में राजौरी गार्डन के रहने वाले 2 कारोबारियों का है। इसके ब्रांड एंबेसडर पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा हैं।वारदात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर कुख्यात लॉरेंस गैंग ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। साथ ही गैंगस्टर हैरी बॉक्सर ने एक ऑडियो जारी कर गुरु रंधावा को जान से मारने की धमकी भी दी है।

## एअर इंडिया विमान हादसे पर सस्पेंस बरकरार, अमेरिका भेजे गए फ्लाइट के इंजन



**नई दिल्ली,एजेंसी।** अहमदाबाद में एअर इंडिया बोइंग 787 विमान हादसे की पहली बरसी आने वाली है, लेकिन 260 लोगों की जान लेने वाली इस आपदा के मुख्य कारणों से जुड़े अहम सवालों के जवाब अब भी नहीं मिल पाए हैं। जांचकर्ता अंतिम रिपोर्ट सौंपने की एक साल की औपचारिक समय-सीमा से चूकने वाले हैं।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो तय समय-सीमा के भीतर अपनी अंतिम रिपोर्ट पूरी नहीं कर पाएगा। इसका कारण यह है कि विमान के इंजनों की अमेरिका में चल रही जांच सहित कई महत्वपूर्ण तकनीकी विश्लेषण अभी भी अधूरे हैं।

इसकी जगह, AAIB इस सप्ताह एक स्टेटस रिपोर्ट जारी कर सकता है, जिसमें देरी के कारणों को स्पष्ट करने के साथ-साथ अब तक की जांच की प्रगति का विवरण दिया जाएगा। अब अंतिम रिपोर्ट अगले तीन महीनों के भीतर आने की उम्मीद है।

## बालिग होने पर पीड़िता ने दोषी से रचाई शादी, सुप्रीम कोर्ट ने पति को किया बरी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति की सजा रद कर दी।

कोर्ट ने पाया कि पीड़िता ने बालिग होने के बाद उससे शादी कर ली। संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता है कि वह अपने पास लंबित किसी भी मामले में पूरा न्याय करने के लिए जरूरी कोई भी आदेश दे सके।पीड़िता जब 12वीं में पढ़ रही थी, तब उसे उस शख्स से प्यार हो गया था। हालांकि, उसने शादी से इन्कार कर दिया, जिसके बाद पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई।नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में उसे पोक्सो एक्ट के तहत 10 साल की सजा सुनाई गई।

# नीट री-एग्जाम-संसदीय समिति ने चीन-अमेरिका से सीखने की नसीहत दी

**चीन बोला- हमने बिना गड़बड़ी के 1.3 करोड़ छात्रों की परीक्षा कराई, देश एकजुट हुआ**



**नई दिल्ली,एजेंसी।** नीट यूजी पेपर लीक मामले के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बुधवार को संसदीय समिति से मुलाकात की। उन्होंने परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। बैठक में एनटीए के डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह और नेशनल मेडिकल काउंसिल अध्यक्ष अभिजात शेठ शामिल हुए।

समिति के सदस्यों ने सुझाव दिया कि हमें अमेरिका और चीन जैसे देशों से सीखना चाहिए। वहां बिना किसी शिकायत के परीक्षाएं होती हैं। विदेशों में अपनाए जाने वाले अच्छे तरीकों से सीखें और ऐसे सिस्टम अपनाएं ताकि देश में परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित और पुख्ता हो।

इधर, भारत में चीन की प्रवक्ता यू जिंग ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने गाओकाओ को दुनिया की सबसे बड़ी परीक्षा बताया। साथ ही लिखा- यह भारत के जेईई-नीट का संयुक्त रूप है। 2 दिन में 1.3 करोड़ छात्रों ने हिस्सा लिया। इनके लिए कारखानों ने काम रोका। सड़कें सूनी रहीं। पूरा देश छात्रों के लिए एकजुट हो गया।

भारत में नीट में आमतौर पर 20 लाख से ज्यादा और जेईई में करीब 15 लाख उम्मीदवार बैठते हैं। 2026 में हुआ 3 मई को हुआ



अंडरग्रेजुएट मेडिकल एडमिशन एग्जाम पेपर लीक के आरोपों के कारण 12 मई को रद्द कर दिया गया था। 21 जून को इसे दोबारा करवाया जा रहा है।

### तीसरी संसदीय समिति के सामने पेश हुए एनटीए-एनएमसी के अधिकारी

नीट-यूजी पेपर विवाद के बाद यह तीसरी संसदीय समिति थी, जिसके सामने दोनों मंत्रालयों, एनटीए और एनएमसी के अधिकारी पेश हुए थे। इससे पहले वे शिक्षा और सरकारी आश्वासनों से जुड़ी संसदीय समितियों के सामने पेश हो चुके थे। इन समितियों को बताया गया था कि अभी उनका पूरा ध्यान 21 जून को होने वाली नीट की दोबारा परीक्षा पेन-पेपर फॉर्मेट में कराने पर है।इधर, संसदीय समिति ने हालिया विवाद के बाद एनटीए का मनोबल बढ़ाने की बात भी कही। उन्होंने छात्रों का तनाव कम करने और एनटीए-एनएमसी के बीच तालमेल पर जोर दिया ताकि सीटें खाली न रहें।

# सुप्रीम कोर्ट बोला: महिलाओं को होममेकर नहीं नेशन बिल्डर कहें

**वे परिवार की नींव मजबूत करती हैं; उनके काम की कीमत हर महीने 30 हजार जितनी**




**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा, 'गृहिणी को होममेकर के बजाय नेशन बिल्डर कहना चाहिए।' कोर्ट की यह टिप्पणी दुर्घटना में महिला की मौत से जुड़े एक मुआवजा केस में आई।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब किसी दुर्घटना के कारण गृहिणी की मौत हो जाती है, तब उसका मुआवजा तय करते उसके योगदान का आकलन जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'एक गृहिणी का काम केवल खाना बनाना, बच्चों की देखभाल और घर संभालना नहीं है। वह परिवार की नींव को मजबूत बनाती है, अगली पीढ़ी तैयार करती है।'

इसके बाद जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने दुर्घटना की शिकार गृहिणियों के मामले में एक नई गाइडलाइन जारी की। कोर्ट ने कहा कि एक गृहिणी के काम के लिए 30 हजार रुपए हर महीने के हिसाब से मुआवजा तय किया जाना चाहिए। 2001 में पंजाब की महिला की हादसे में मौत पर आया फैसला सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला पंजाब में एक मोटर एक्सीडेंट दावे पर आया। नवंबर 2001 में रेशमा नाम की एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसके पति और 3 बच्चों ने मुआवजे के लिए मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया था। ट्रिब्यूनल ने 2003 में मुआवजा दिया, लेकिन यह मामला सालों तक उलझा रहा। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने दिसंबर 2024 में 8 लाख रुपए से ज्यादा का मुआवजा देने का आदेश दिया था।

# दिल्ली में खराब मौसम के चलते फ्लाइट्स जयपुर डाइवर्ट

**यूपी में तूफान से पेट्रोल-पंप की छत गिरी, 3 मौतें; राजस्थान में आंधी-बारिश, 22 राज्यों में अलर्ट**





**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना,एजेंसी।** मानसून पिछले 7 दिन से तमिलनाडु के चेन्नई, महाराष्ट्र के हरनाई और बंगाल के सिलीगुड़ी में रुका हुआ है। 4 जून को केरलम पहुंचने के बाद अगले 2 दिन, यानी 6 जून तक ही यह 5 राज्यों में पहुंच गया था। हालांकि, अगले 3 दिन में इसके महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के बाकी हिस्से कवर करने का अनुमान है।

इधर, गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। दिल्ली में खराब मौसम के चलते 2 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट करनी पड़ीं। राजस्थान के कई इलाकों में आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, दिल्ली, पश्चिम बंगाल में भी बरसात हुई।

यूपी में आंधी से एक पेट्रोल पंप की छत उड़ गई। वहीं, चित्रकूट में 4.5 करोड़ रुपए के ऑडिटोरियम की छत उड़ गई। इटावा, सीतापुर और फिरोजाबाद में हादसों में 3 लोगों की मौत हुई। वहीं पंजाब के मानसा में तेज आंधी में लोहे का गेट गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत हो गई।

बिहार में पटना, बक्सर, सुपौल समेत 5 जिलों में सुबह-सुबह घने बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। यहां आंधी के साथ बारिश हुई।

**22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट:** आज 22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। इनमें राजस्थान, एमपी, यूपी, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तमिलनाडु, केरलम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गोवा शामिल हैं। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है।

### गर्मी से राहत नहीं, 8 राज्यों में पारा 40डिग्री पार

बारिश के बावजूद यूपी, दिल्ली, राजस्थान, एमपी, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कई शहरों में पारा 40डिग्री से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा पंजाब के भटिंडा में दर्ज किया गया। यहां पारा 46.2डिग्री रहा। वहीं राजस्थान के श्रीगंगानगर में पारा 45.9डिग्री, यूपी के बांदा में 45.4डिग्री, महाराष्ट्र के ब्रह्मपुरी में 45.5डिग्री और एमपी के खजुराहो में 45एष्ट दर्ज किया गया।

# 'राम को काल्पनिक' कहने पर राहुल के खिलाफ दोबारा सुनवाई

**वाराणसी कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला रद्द किया**

**वाराणसी,एजेंसी।** भगवान राम को कथित तौर पर काल्पनिक कहने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ FIR की मांग वाली याचिका पर फिर से वाराणसी कोर्ट में सुनवाई होगी। MP-MLA की सीनियर कोर्ट ने बुधवार को लोअर कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

एडिशनल डिस्ट्रिक जज (ADJ) यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने केस को वापस लोअर कोर्ट भेजते हुए नए सिरे से सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। राहुल गांधी पर अमेरिका के न्यूयॉर्क में ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। पिछले साल 12 मई को एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने याचिका दायर की थी।दावा किया था कि राहुल गांधी ने अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को 'पौराणिक' बताया था। 10 जून, 2026 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (MP-MLA) कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी।



**याचिकाकर्ता ने कहा- दोषी पाए गए तो 5 साल की सजा:** सीनियर एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने कहा- राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई का पूरा आधार है। इसी आधार पर हमारी याचिका स्वीकार की गई है। कोर्ट ने इस बात को माना है कि राहुल गांधी ने भगवान राम को काल्पनिक कहा था।

## केरलम में निपाह वायरस लौटा, संक्रमित वेंटिलेटर पर

***हॉस्पिटल स्टाफ क्वारंटीन; राज्य में इस साल पहला केस, 8 साल में छठी बार संक्रमण***




**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरलम में इस साल निपाह वायरस का पहला केस मिला है। इसकी जानकारी गुरुवार को सामने आई। मरीज 43 साल का है और कोझिकोड का रहने वाला है। राज्य सरकार ने रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। मरीज को हल्का बुखार आने पर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। बाद में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उसकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर पर है।

# टीएमसी के एक और राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक का इस्तीफा

**4 दिन में तीसरे सांसद ने ममता का साथ छोड़ा, अब 10 राज्यसभा सांसद बचे**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (TMC) में टूट जारी है। गुरुवार को एक और राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक ने इस्तीफा दे दिया।पिछले चार दिनों में तीन राज्यसभा सांसद ममता को छोड़कर जा चुके हैं।

कल यानी 10 जून को सुष्मिता देव ने रिजाइन किया था। 8 जून को सुखेंदु शेखर ने राज्यसभा सदस्यता और पार्टी छोड़ी थी।

अब तक TMC के लोकसभा में 28 में से 20 और राज्यसभा में 13 में से 3 सांसद, यानी कुल 23 सांसद टूट चुके हैं। वहीं, बंगाल के 80 में से 58 TMC विधायक अलग गुट बना चुके हैं।




इस्तीफे के बाद प्रकाश चिक बोले- मैं बूढ़ा नहीं हुआ, आगे समय बताएगा : इस्तीफे के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रकाश चिक ने कहा- पश्चिम बंगाल में लोगों का फैसला भाजपा के पक्ष में था। पार्टी ने वहां सरकार बनाई। मेरे अपने चुनाव क्षेत्र में हम एक भी सीट नहीं जीत पाए। उत्तर बंगाल में भी नतीजे अच्छे नहीं रहे।इस जनादेश को देखते हुए मुझे लगा कि अब मेरे पद पर बने रहना ठीक नहीं है। इसलिए, मैंने अपने पद और पार्टी दोनों से इस्तीफा दे दिया।

**अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन 2030 तक खत्म हो जाएगा**

# खामियां दूर करना चुनौती; नासा प्रशांत महासागर में मलबा गिराएगी, 9500 करोड़ खर्च होंगे

**न्यूयॉर्क,एजेंसी।** पृथ्वी से करीब 400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में स्थित इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। नासा ने 2028 से शुरू करके 2030 तक इसे सुरक्षित तरीके से धरती पर गिराने की अपनी योजना को सार्वजनिक किया है।

इसके लिए नासा ने 1 अरब डॉलर (करीब 9500 करोड़ रुपए) का प्लान तैयार किया है। आईएसएस पिछले 25 साल से सबसे बड़ी अंतरिक्ष प्रयोगशाला के रूप में काम कर रहा है।

आईएसएस निर्धारित उम्र पूरी कर चुका है। इसका कार्यकाल कई बार बढ़ चुका है। पिछले कुछ सालों से इसमें लगातार तकनीकी खामियां आ रही हैं। स्टेशन को सुरक्षित बनाए रखने पर अरबों डॉलर खर्च होते हैं।

नासा अब अपने संसाधनों को चंद्रमा और मंगल मिशनों पर केंद्रित करना चाहता है।



### आईएसएस को एक यान से धरती के वायुमंडल में धकेलेंगे

करीब 4.5 लाख किलोग्राम वजनी आईएसएस को यूं ही पृथ्वी की ओर गिरने नहीं दिया जाएगा। 2028 के आसपास स्टेशन को कक्षा में बनाए रखने की प्रक्रिया धीरे-धीरे बंद कर दी जाएगी। विशेष अंतरिक्ष यान से उसे नियंत्रित तरीके से पृथ्वी के वायुमंडल में धकेला जाएगा। वायुमंडल में प्रवेश करते ही स्टेशन का अधिकांश हिस्सा घर्षण से जलकर नष्ट हो जाएगा।

हालांकि, इसके बाद भी स्पेस के बड़े टुकड़े पृथ्वी पर आबादी वाले क्षेत्रों में गिर सकते हैं। इसलिए नासा ने प्रशांत महासागर में जमीन से काफी दूर स्थित क्षेत्र को चुना है, ताकि वायुमंडल में जलने के बाद बचा हुआ मलबा इसी सुनसान समुद्री क्षेत्र में गिरे।

## अज्ञात कार की ठोकर से वृद्ध महिला की मौत




**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अमनौर - तरैया मुख्य सड़क धरमपुर जफर हाई स्कूल के पास सड़क पार कर रही वृद्ध महिला को तेज गति से आ रही एक अज्ञात कार ने ठोकर मार दिया. जिससे वह गंभीर स्थिति में घायल हो गयी. उपचार के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी. मृतक धरमपुर जाफर गांव निवासी रघुवंश महतो की 65 वर्षीय पत्नी रामावती देवी बतायी गयी है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह ग्यारह बजे के करीब में रामावती देवी अपने पुराने घर से सड़क उस पार अपने नए घर में जा रही थी तभी तेज गति से आ रही एक अज्ञात बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी . जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी. आनन फानन में स्थानीय लोगों व परिजनों द्वारा घायल महिला को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. चिकित्सकों की बात सुन परिजनों में चीख पुकार मच गयी. सूचना के बाद अमनौर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच घटना को लेकर तहकीकात में जुट गई. वहीं पुलिस यूडी केस दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु छपरा भेज दिया. घटना को लेकर परिजनों का रो रोकर कर बुरा हाल है. स्थानीय पंचायत के सरपंच रणधीर कुमार मौके पर पहुंच मृतक के परिजनों को मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त किया. बताया कि मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है. पुत्र दूसरे प्रदेश में काम करता है. जिसे सूचना दे दी गयी है।

## मढ़ौरा में भाजपा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड के रामपुर खोरम गांवर स्थित मध्य विद्यालय परिसर में नगरा मंडल और मढ़ौरा पश्चिमी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और बिहार राज्य सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आमजन को केंद्र सरकार की पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।सभा को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 वर्षों का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। उनके कुशल नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान सम्मान और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से देश के करोड़ों नागरिकों का जीवन सुगम हुआ है। इस अवसर पर सारण जिला के भाजपा नेता वेद प्रकाश उपाध्याय, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, नगरा मंडल अध्यक्ष शैलेश कुमार, दयानंद सिंह, मदन सिंह, प्रो. राम बाबू सिंह, मुखिया अमरेंद्र सिंह सहित कई पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर श्याम नंदन शर्मा 'विद्रोही' के धन्यवाद ज्ञापन किया।

## चापाकल से पानी भरने पर विवाद में मां–बेटी को पीटा

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** गौरा थाना क्षेत्र के विष्णुपूरा गांव में अपनी ही जमीन पर लगे चापाकल से पानी भरने को लेकर पड़ोसियों ने एक महिला और उसकी बेटी पर लाठियों से हमला का आरोप लगाया गया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता द्वारा बताया गया है कि इस घटना में उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता के शिकायत के अनुसार, 8 जून की शाम जब बेबी देवी पानी भरने गई, तो आरोपी रानी देवी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर रानी देवी के उकसाने पर पड़ोसी बिमल कुमार सिंह और रानी देवी का रिश्तेदार भाई आकाश कुमार लाठियां लेकर आ गए। आकाश ने महिला के सिर पर वार कर दिया और उनके गले से सोने का मंगलसूत्र छीन भी लिया। बीच-बचाव करने आई बेटी अंजलि कुमारी को भी जमकर पीटा गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## टोपो भूमि के रजिस्ट्री, राजस्व रसीद और म्यूटेशन कराने के लेकर डीएम से की मांग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर क्षेत्र की टोपो भूमि से जुड़े भूमि मालिकों ने जिला प्रशासन से अपनी जमीनों के रजिस्ट्री, राजस्व रसीद निर्गत करने तथा ऑनलाइन म्यूटेशन (नामांतरण) प्रक्रिया शुरू कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी, सारण को एक आवेदन गुरुवार क़ो सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। भूमि मालिकों की ओर से बिनोद सिंह सम्राट, सुधीर कुमार सिंह, नवल कुमार सिंह, सुरेश नारायण सिंह एवं कुणाल सिंह चौहान द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन में कहा गया है कि संबंधित भूमि का सर्वेक्षण ब्रिटिश काल में ही किया गया था। उनका नाम बिहार भूमि सुधार कानून के तहत रजिस्टर-ए में दर्ज है तथा भूमि की वैध जमाबंदी भी कायम है। इसके बावजूद वर्ष 2012 के बाद से उनकी भूमि की राजस्व रसीद जारी नहीं की जा रही है। आवेदनकर्ताओं ने बताया कि पटना हाईकोर्ट ने 28 जुलाई 2022 को अपने आदेश में भूमि संबंधी प्रतिबंधों को अवैध करार दिया था। इसके बाद मामले में दायर अपील को सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी खारिज कर दिया गया। न्यायालय के आदेश के बाद राजस्व विभाग ने पूर्व की रोक हटा ली, लेकिन आज भी ऑनलाइन पोर्टल पर भूमि अभिलेख दर्ज नहीं हो पाने के कारण म्यूटेशन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। भूमि मालिकों का आरोप है कि प्रशासनिक स्तर पर तकनीकी और प्रक्रियागत बाधाओं के कारण हजारों लोगों को अपनी जमीन से जुड़े अधिकारों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट कर रजिस्ट्री, राजस्व रसीद एवं नामांतरण की प्रक्रिया बहाल करने की मांग की है। भूमि मालिकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 15 जून को पूरे गांव में काला झंडा लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

# एसएसपी सारण ने सोनपुर थाना का किया निरीक्षण, लंबित कांडों की समीक्षा की

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने गुरुवार को सोनपुर थाना का निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान थानाध्यक्ष सहित सभी पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं चौकीदार उपस्थित रहे।



निरीक्षण के क्रम में एसएसपी विनीत कुमार ने थाना के अभिलेखों एवं विभिन्न पंजीयों की जांच की तथा उनके बेहतर संधारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निष्पादन पर जोर दिया। करीब 50 से अधिक कांडों की विस्तृत समीक्षा कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की के निष्पादन सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसएसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सिटीजन सेंट्रिक पुलिसिंग अपनाने तथा आम लोगों के साथ बेहतर व्यवहार करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि थाना आने वाले लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला पुलिस की प्राथमिकता है। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने प्रतिनियुक्त महिला पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को महिला फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार करने तथा उनकी शिकायतों पर विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके अलावा थाना परिसर एवं कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने तथा अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि थाना के प्रत्येक कर्मी की कार्यशैली पर नजर रखी जाएगी और जनता का विश्वास जीतना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## तेज आंधी–बारिश से सोनपुर में जनजीवन प्रभावित, सड़क पर गिरा विशाल पेड़, यातायात बाधित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** गुरुवार को सुबह में अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने सोनपुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से कई जगहों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़-पौधे व पेड़ के डालियाँ व पेड़ में लगे फल धराशायी हो गए, वही आंधी-बारिश के दौरान कई स्थानों पर आकाशीय बिजली भी गिरी। जबकि कुछ झोपड़ीनुमा घरों को भी नुकसान पहुंचा है। वहीं तेज हवा के कारण कुछ इलाकों की बिजली आपूर्ति भी बाधित रही जो दोपहर तक आई। सबसे अधिक परेशानी सोनपुर प्रखंड कार्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग स्थित रजिस्ट्री बाजार में हुई, जहां एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और वाहनों की आवाजाही घंटों बाधित रही।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पेड़ हटाने का प्रयास शुरू किया। वहीं, बारिश और जलजमाव के कारण बाजार क्षेत्र में भी लोगों की गतिविधियां प्रभावित रहीं। लेकिन किसानो क़ो कही फैयदा हुआ तो कही नुकशान भी हुआ. लेकिन अचानक बदले मौसम ने गर्मी से राहत तो दिलाई, लेकिन इसके कारण कई क्षेत्रों में अव्यवस्था की स्थिति भी उत्पन्न हो गई।



## छपरा के एकमा में युवा चेतना ने बांटे सैकड़ों पंखे, जरूरतमंदों को भीषण गर्मी से मिलेगी राहत



**दैनिक खोज खबर/एकमा/छपरा।** सारण जिले के एकमा प्रखंड अंतर्गत बेनौत गांव में भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए 'युवा चेतना' संगठन द्वारा सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच पंखों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चिलचिलाती गर्मी में गरीब और वंचित परिवारों को राहत पहुंचाना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संगठन के नेताओं ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में लाना ही युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह के जीवन का मुख्य लक्ष्य है।

# मढ़ौरा अनुमंडलीय अस्पताल में हुई अग्निसुरक्षा की जांच, कर्मियों को दी गई आपातकालीन ट्रेनिंग

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** सारण के जिलाधिकारी के निर्देश पर स्थानीय मढ़ौरा अनुमंडलीय अस्पताल में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच की गई। गुरुवार को अग्निशमन विभाग की एक विशेष टीम ने अस्पताल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान वहां मौजूद सभी अग्निशमन संसाधनों, सुरक्षा उपकरणों और आपदा प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के बाद अग्निशमन टीम ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेश कुमार की उपस्थिति में अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और



अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को आग लगने जैसी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया। टीम ने कर्मियों को समझाया कि अगर अस्पताल में अचानक आग लग जाए, तो बिना घबराए तुरंत क्या कदम उठाने चाहिए। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को अग्निशामक यंत्रों को सही तरीके से चलाने का व्यावहारिक तरीका भी सिखाया गया।

इसके साथ ही, अधिकारियों ने अस्पताल में सुरक्षित निकासी मार्ग, बिजली के उपकरणों की सुरक्षा और आपातकाल में मरीजों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की पूरी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। विभाग ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि वे सभी अग्नि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें और किसी भी हादसे से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहें। सहायक अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि अस्पतालों में हर समय बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन मौजूद रहते हैं। ऐसे संवेदनशील स्थानों पर अग्नि सुरक्षा को लेकर जरा सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है।

## मढ़ौरा में बिजली चोरी के खिलाफ अलग-अलग दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धेनुकी और भावलपुर में विद्युत विभाग की टीम ने छापेमारी कर हो रही बिजली चोरी का खुलासा किया है। मढ़ौरा शहरी के कनीय विद्युत अभियंता राजू कुमार सोनी के लिखित आवेदन पर मढ़ौरा थाने में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर हुई पहली कार्रवाई में धेनुकी निवासी जगलाल सिंह को प्रीपेड मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया। जिसमें नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड को कुल 35,232 रुपये के राजस्व की क्षति का अनुमान है। इस मामले में पुलिस ने कांड संख्या 488/26 दर्ज कर जांच सब-इंस्पेक्टर मिथिला मांझी को सौंपी है। वहीं दूसरी कार्रवाई भावलपुर (वार्ड-3) में हुई, जहां सुदामा ओझा को सर्विस तार काटकर मीटर से पहले टैपिंग करते हुए पकड़ा गया। इससे विभाग को 17,004 रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। इस मामले में पुलिस ने कांड संख्या 487/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

## विक्रमपुर में पेड़ काटने से रोकने पर मारपीट

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा थाना क्षेत्र के बिक्रमपुर गांव वार्ड नंबर-7 में कटहल का पेड़ काटने का विरोध करने पर एक वृद्ध के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है. पीड़ित अशोक प्रसाद ने इस संबंध में मढ़ौरा थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है.घटना 9 जून की बताई जा रही है.पीड़ित के अनुसार, जब वह अपने घर के बाहर सफाई कर रहे थे, तभी गांव के ही सुबास प्रसाद, कन्हैया प्रसाद और राजेश तिवारी उनके कटहल के पेड़ को काटने लगे. विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।



# टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए सारण की बेटी डॉ अंजू सिंह को किया गया सम्मानित

## बिहार के राज्यपाल और स्वास्थ्य मंत्री के हाथों सम्मान मिलना निक्षय मित्रों के लिए गर्व




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** टीबी उन्मूलन अभियान के तहत समाजसेवा और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली सारण की बेटी एवं उत्तर प्रदेश के सिंगरामऊ राजघराने की बहू ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापिका सचिव डॉ. अंजू सिंह को राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान में उनके उत्कृष्ट सहयोग और समर्पण को देखते हुए उन्हें निक्षय मित्र के रूप में सम्मानित किया गया है। डॉ. अंजू सिंह का मानना है कि समाज की सहभागिता और जागरूकता के बिना टीबी जैसी गंभीर बीमारी पर पूर्ण नियंत्रण संभव नहीं है। इसी सोच के साथ वे वर्षों से स्वास्थ्य जागरूकता और मरीजों की सहायता के कार्यों में जुटी हुई हैं। स्वास्थ्य विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बाल कृष्ण मिश्रा द्वारा जारी पत्र के माध्यम से डॉ अंजू सिंह को सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया था। बिहार में टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़े नौ प्रमुख हितधारकों में शामिल डॉ अंजू सिंह को पटना स्थित पुरानी सचिवालय के अधिवेशन भवन सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सह राज्यपाल सैयद अता हसनैन तथा बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने संयुक्त रूप से डॉ. अंजू सिंह को सम्मानित किया है। इस अवसर पर उनके द्वारा टीबी रोगियों के लिए किए गए मानवीय और सामाजिक कार्यों की विशेष सराहना की गई। गौरतलब है कि भारत की वर्तमान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मूने 25 जुलाई 2022 को पदभार ग्रहण किया था। उसके बाद टीबी मरीजों के लिए 'निक्षय मित्र' बनने की पहल की शुरुआत 9 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हुए इसका शुभारंभ किया गया था। उसके बाद से ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापिका डॉ अंजू सिंह ने निक्षय मित्र टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पूरी तरह से स्वस्थ कराने के अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रही है। बिहार के सारण जिले में टीबी मुक्त अभियान को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था द्वारा छपरा सदर प्रखंड, शहरी क्षेत्र तथा एकमा प्रखंड में टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें नियमित रूप से पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाता है। इसके माध्यम से मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार और उपचार की सफलता दर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। केवल बिहार ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले सहित कई अन्य क्षेत्रों में भी संस्था द्वारा यक्ष्मा उन्मूलन अभियान को गति देने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. अंजू सिंह ने इसे व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाजसेवा और जनसहयोग की जीत बताते हुए कहा कि टीबी मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा जब समाज का हर वर्ग इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। डॉ. अंजू सिंह को सम्मानित किए जाने पर सारण जिले के जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रत्नेश्वर प्रसाद सिंह और डीपीसी हिमांशु शेखर, अवकाश प्राप्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र प्रसाद सिन्हा, समाजसेविका डॉ. अल्का सिंह, पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी, मणि शाही, प्रीति शाही सहित सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर समाजसेवा की कामना की है।

## मशरक सीएचसी में फायर ब्रिगेड टीम ने किया अग्नि सुरक्षा निरीक्षण




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फायर ब्रिगेड टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और आपदा से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया गया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने अस्पताल में आग लगने की स्थिति में उपलब्ध संसाधनों, अग्निशमन यंत्रों तथा सुरक्षा उपकरणों की जांच की। साथ ही अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। टीम ने अस्पताल प्रबंधन को अग्नि सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने तथा सभी सुरक्षा उपकरणों को नियमित रूप से कार्यशील बनाए रखने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार समेत अन्य मौजूद रहें।

## मारपीट व घर से बेदखल करने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**इसुआपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामाश्रय शर्मा की पत्नी लालझाड़ी देवी ने मारपीट, गाली-गलौज और घर से निकालने के आरोप में इसुआपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि पति के निधन के बाद वह दिल्ली से अपने पैतृक घर सलेमपुर आई थीं। इस दौरान उनके पट्टीदार परिवार के लोगों द्वारा जमीन हड़पने की नीयत से लगातार विवाद, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता के अनुसार बुधवार सुबह करीब पांच बजे वह स्नान के लिए आंगन में जा रही थीं, तभी मनोकामना शर्मा की पत्नी बसंती देवी, पुत्री पूजा कुमारी, रानी कुमारी आरोपितो ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपित वहां से फरार हो गए। महिला का आरोप है कि घटना के बाद उन्हें घर से भी बेदखल कर दिया गया। उन्होंने आशंका जताई है कि आरोपित भविष्य में किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## इसुआपुर में कचरे से बनेगी जैविक खाद, ब्रांडिंग व पैकेजिंग की तैयारी

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** सारण जिले के इसुआपुर प्रखंड में स्वच्छता के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में संचालित कचरा प्रसंस्करण इकाइयों (डब्ल्यूपीयू) में घरों से एकत्रित गीले कचरे से बड़े पैमाने पर जैविक खाद का उत्पादन किया जा रहा है। इसके साथ ही उत्पादित खाद की आकर्षक ब्रांडिंग और पैकेजिंग की भी योजना बनाई गई है, ताकि इसे स्थानीय बाजार में पहचान मिल सके। प्रखंड प्रशासन के सहयोग से संचालित इस पहल का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ई. सत्यम सिंह एवं प्रखंड समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि जैविक खाद की ब्रांडिंग और पैकेजिंग पूरी होने के बाद इसके विपणन की व्यवस्था की जाएगी, जिससे स्थानीय किसानों एवं उत्पादकों को आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ स्वच्छता अभियान को भी नई दिशा देगी। प्रखंड की सभी पंचायतें इस योजना के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ रही हैं। कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन और उससे उपयोगी उत्पाद तैयार करने की यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को भी साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## सरकारी जमीन पर पक्का अतिक्रमण पर अंचल कार्यालय ने जारी किया नोटिस

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक अंचल प्रशासन ने सरकारी भूमि पर कथित रूप से पक्का निर्माण कर अतिक्रमण के मामले में कार्रवाई शुरू करते हुए संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किया है। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दास्त नहीं किया जाएगा। अंचल कार्यालय के द्वारा मशरक के बंगरा पंचायत के चरिहारा बाजार पर खाता संख्या 203 की जमीन पर 22 व्यक्तियों को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें जमाबंदी को लेकर स्पष्टीकरण औरीक्षण दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि संबंधित भूमि गैरमजरूआ मालिक खाता की भूमि है, जिसे सरकारी भूमि की श्रेणी में माना जाता है। ऐसे में उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति के नाम से जमाबंदी संचालित होने के संबंध में आवश्यक अभिलेखों और साक्ष्यों की जांच की जा रही है। अंचल कार्यालय ने नोटिस के माध्यम से संबंधित पक्ष को निर्देश दिया है कि वे भूमि से जुड़े सभी वैध दस्तावेज, स्वामित्व संबंधी प्रमाण, रसीद, दाखिल-खारिज अथवा अन्य उपलब्ध साक्ष्य निर्धारित तिथि तक अंचल कार्यालय में प्रस्तुत करें। नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित व्यक्ति द्वारा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उक्त जमाबंदी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

## पानापुर में बकरियों एवं मोबाइल की चोरी से दहशत।

**पानापुर (सारण )।** थाना क्षेत्र के जीपुरा एवं महम्मदपुर गांव से बुधवार की रात आधे दर्जन से ज्यादा बकरियों एवं मोबाइल की चोरी कर लीं है. मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने जीपुरा गांव निवासी तारकेश्वर भगत, गफ्फार मियां, हलीम मियां, मुटुक मियां के बकरियों की चोरी की है. वही एक मोबाइल भी लेकर चलते बने है. चोरो ने महम्मदपुर गांव स्थित मस्जिद के समीप एक घर पर धावा बोल दो बकरियों एवं चार मोबाइल की चोरी की है. चोरी की इस घटना से पशुपालकों के बीच दहशत व्याप्त है. इस मामले में पशुपालकों के आवेदन पर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है.

## फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री के मामले में दर्ज प्राथमिकी में एक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सिकटी ख्जाहा गांव में फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री के मामले में दर्ज प्राथमिकी में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष सम्पूर्णानंद ने बताया कि अलग कांडों में फरार चल रहे आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री के मामले में सिकटी ख्जाहा गांव निवासी बेचु लाल पंडित के द्वारा दर्ज प्राथमिकी 153/26 में फरार चल रहे सिकटी ख्जाहा गांव निवासी जितेन्द्र यादव पिता हरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया।

## राजेन्द्र कॉलेज को वैश्विक रूप देने हेतु एलुमनाई ने व्यक्त किया संकल्प

### 1976 बैच के विद्यार्थियों ने स्वर्ण जयंती वर्ष मनाने का लिया फैसला



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** राजेन्द्र कॉलेज एलुमनाई एसोसियन की बैठक गुरुवार को राजेन्द्र कॉलेज प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक में 1976 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों में शामिल होकर स्वर्ण जयंती वर्ष मनाने का संकल्प व्यक्त किया। इसके पूर्व महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कॉलेज प्रांगण में एलुमनाई ऑफिस तथा एसोसिएशन द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। 1976 बैच के छात्र रहे सांसद सिग्रीवाल सहित दरभंगा स्नातक क्षेत्र के एमएलसी सर्वेश कुमार, पूर्व सिविल सर्जन डॉ सतीश कुमार सिंह, बिलासपुर से आई इरा सिन्हा, डॉ अरुण कुमार, छपरा के लोकअभियोजक सर्वजीत ओझा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो संजय कुमार ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी पूर्ववर्ती छात्रों एवं माननीय लोगों का स्वागत किया। अपने संबोधन में सांसद सिग्रीवाल ने कहा कि हमलोगों का इस कॉलेज से आत्मीय लगाव रहा है। व्यक्तित्व एवं चरित्र के निर्माण में कॉलेज का अहम योगदान है। अतः संस्था के विकास हेतु एसोसियन पूरी मुस्तैदी के साथ कॉलेज प्रशासन के साथ हमेशा खड़ा रहेगा तथा कॉलेज के विकास हेतु जो सहयोग करना होगा वह करेगा। एमएलसी सर्वेश कुमार ने भी संस्था के विकास हेतु अपनी वचनबद्धता दुहराई। उन्हें अपने कॉलेज के सहपाठियों के साथ क्लास रूम में जाकर फोटोशूट कराई । उल्लेखनीय है कि राजेन्द्र कॉलेज इस वर्ष राजेन्द्र कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन का विधिवत गठन सोसायटी एक्ट के तहत कराया गया था। उसके उपरांत आज कार्यसमिति की पहली बैठक आयोजित की गई। जिसमे अध्यक्ष ज्ञानेश वर्मा, सचिव राजीव रंजन शर्मा, उपसचिव डॉ राकेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ सुनील प्रसाद, सदस्य डॉ परेश कुमार, डॉ इश्तेयाक अहमद, उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्चना उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर अवध किशोर पांडेय,डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, डॉ मृणाल चंद्र, डॉ विकास कुमार, डॉ कुमार गौरव, डॉ नीतू सिंह, डॉ निधि कुमारी, डॉ श्यामशरण, प्रधान सहायक हरिहर मोहन आदि कॉलेज के कर्मी उपस्थित थे।

## गीता पाठशाला मौना पकड़ी में ब्रह्म भोज का आयोजन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर के मौना पकड़ी मोहल्ला स्थित गीता पाठशाला की संचालिका माता बीके धर्मशीला द्वारा गुरुवार को श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाई- बहनों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया तथा आध्यात्मिक संगति का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक मूल्यों, सदाचार एवं मानव कल्याण से जुड़े विषयों पर विचार साझा किया गया। वहीं इस अवसर पर अपने संबोधन में बीके ब्रह्मदेव भाई ने समाज में बढ़ रही अराजकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के क्षरण के कारण अनेक सामाजिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने लोगों से आत्मचिंतन, सकारात्मक सोच एवं ईश्वरीय मार्गदर्शन को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूरे आयोजन का वातावरण श्रद्धा, शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में बीके दिवाकर भाई, बीके पप्पू भाई, बीके ब्रह्मदेव भाई, बीके मुरारी भाई सहित कई अन्य भाई- बहन उपस्थित रहे।

## भूतपूर्व सैनिकों की न्यायिक समस्याओं के समाधान हेतु जागरूकता बैठक आयोजित




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला सैनिक कल्याण समिति, छपरा के तत्वावधान में बुधवार को भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में व्यवहार न्यायालय से जुड़े राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को न्यायिक सहायता एवं कानूनी अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान करना तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक पहल करना था।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के पदाधिकारी कर्नल मनीष कुमार ने कहा कि वर्तमान सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को यदि किसी प्रकार की न्यायालय संबंधी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को न्यायालय के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराया जाएगा, जिससे वे बिना किसी आर्थिक बोझ के अपने मामलों की प्रभावी पैरवी कर सकें। बैठक में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों ने भी विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी और कहा कि सैनिकों एवं उनके आश्रितों के मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। अधिकारियों ने उन्हें किसी भी कानूनी समस्या की स्थिति में प्राधिकरण से संपर्क करने की सलाह दी।इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक मोहम्मद वारिश, रामनारायण यादव सहित अनेक पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सैनिक परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## 20 सूत्री बैठक में गूंजे किसानों और गरीबों के मुद्दे, योजनाओं में पारदर्शिता पर जोर



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** सदर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष संजीव सिंह उर्फ रिंकू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए।बैठक की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद आनंद ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, सांसद प्रतिनिधि ई. सतेंद्र सिंह तथा अन्य सदस्यों का स्वागत कर की।

उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से सदन को अवगत कराया।सदस्यों ने विशेष रूप से भूमि दाखिल-खारिज एवं ऑनलाइन परिमार्जन से संबंधित मामलों में हो रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। इस पर अंचल अधिकारी ने प्रक्रियागत कमियों को दूर करने और मामलों के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया।

सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह ने कृषि विभाग को निर्देश दिया कि किसानों को समय पर धान का बीज उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें। वहीं अध्यक्ष संजीव सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभुक सूची सभी सदस्यों को उपलब्ध कराने की मांग करते हुए योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## शारदीय खरीफ महाअभियान अंतर्गत कृषि कर्मशाला का आयोजन, सैकड़ों किसानों ने लिया प्रशिक्षण

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि भवन में शारदीय खरीफ महाअभियान के तहत एक दिवसीय कृषि कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लेकर कृषि से संबंधित नवीन तकनीकों, सरकारी योजनाओं एवं उन्नत खेती के तौर-तरीकों की जानकारी प्राप्त की। कर्मशाला में किसानों को शारदीय फसलों की उन्नत खेती, बीज चयन, संतुलित उर्वरक प्रयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं किसान सलाहकार रणधीर कुमार, नरेंद्र सिंह, देवनाथ राम, हरेंद्र मांझी, अखिलेश कुमार, विजय कुमार, प्रवीण कुमार, प्रमोद कुमार, सुचिंद्र कुमार, विनय कुमार, रविंद्र कुमार, मदन कुमार, मनोरंजन जी, कृषि समन्वयक ऋषभ जी, संजय कुमार, अश्विनी कुमार, राजू कुमार, प्रेमानंद पाठक एवं अंसारी जी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।कर्मशाला के सफल आयोजन पर किसानों ने कृषि विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से उन्हें आधुनिक खेती की जानकारी मिलती है, जिससे उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

## सारण में मिला दुर्लभ हिमालयन ग्रिफन गिद्ध, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**नितेश कुमार सिंह/दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के मझनपुरा गांव में एक अत्यंत दुर्लभ हिमालयन ग्रिफन प्रजाति का गिद्ध मिला है। जमीन पर जख्मी हालत में गिरे इस विशालकाय गिद्ध को स्थानीय युवकों ने जंगली कुत्तों के हमले से बचाया।

ग्रामीणों की तत्परता और सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गिद्ध का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। जानकारी के अनुसार, मझनपुरा पंचायत क्षेत्र में इस विशाल पक्षी को असहाय स्थिति में देखा गया। वार्ड सदस्य धर्मदेव राम के पुत्र मुकेश कुमार राम ने सूझबूझ दिखाते हुए इसे कुत्तों से सुरक्षित निकाला और तुरंत वन विभाग को इसकी जानकारी दी।

वन कर्मी मौके पर पहुंचे और गिद्ध को छपरा स्थित अपने कार्यालय ले गए, जहां उसका इलाज और स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

**35 वर्षो बाद दिखा यह दुर्लभ पक्षी :** स्थानीय बुजुर्गों और ग्रामीणों के मुताबिक, इलाके में लगभग 35 सालों के बाद इस प्रजाति का कोई गिद्ध दिखाई दिया है।

इतना बड़ा पक्षी देखने के लिए गांव में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वन विभाग के पक्षी विशेषज्ञ अमन कुमार शर्मा ने बताया कि यह एक 'हिमालयन ग्रिफन' गिद्ध है, जो आमतौर पर हिमालय के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है।

इसकी उड़ान क्षमता बहुत अधिक होती है, लेकिन मैदानी इलाकों में इसका आना बेहद दुर्लभ माना जाता है। विशेषज्ञ के अनुसार, लंबी उड़ान के कारण थकान या किसी चोट की वजह से यह जमीन पर गिर गया होगा। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद इसे वापस हिमालय क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा।

## 12 साल बेमिसाल के तहत प्रदेश मंत्री ने किया जनसंपर्क अभियान




**परवेज़ अख्तर/सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्षों के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 12 साल बेमिसाल जनसंपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री मुकेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को जीरादेई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों का भ्रमण किया तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तरी मंडल अध्यक्ष सुधांशु शेखर सिंह उर्फ बबलू सिंह ने की। प्रदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत संरचना एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरोज सिंह राणा , चंदन सिंह मुखिया, कन्हैया सिंह, अशोक सिंह, सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बंद पड़े चिमनी परिसर से महिला का शव बरामदगी मामले में मुमताज अहमद गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** गुठनी थाना क्षेत्र के बाजिदही डरैला गांव स्थित शैलेश सिंह के ईंट-भट्ठा परिसर से दस जून को पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर एक अधेड़ महिला नजमा खातून का शव गड्ढे में ईंट से ढका हुआ बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार थाना क्षेत्र के डरैला निवासी मुमताज अहमद है। जिससे पुलिस पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि दस जून को गुठनी थाना को एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें सूचना दी गई कि गुठनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डरैला निवासी मुमताज अहमद के द्वारा नजमा खातून की गला घोटकर हत्या कर दी गई है। हत्या के उपरांत साक्ष्य छिपाने के नियत से शव को शैलेश सिंह के चिमनी के पास एक गड्ढा में रखकर ईंट से ढक दिया गया। इस संबंध में मृतका के स्वजन के लिखित आवेदन के आधार पर गुठनी थाना अंतर्गत धारा-103(1)/238 बीएनएस के तहत कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड के अग्रतर अनुसंधान एवं प्राप्त आसूचना के आधार पर कांड में संलिप्त नामजद अभियुक्त मुमताज अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच से यह बात प्रकाश में आया है कि मृतका के स्वजन से अभियुक्त मुमताज अहमद का पूर्व से किसी विवाद को लेकर दुश्मनी चल रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मामले में अग्रेतर कार्रवाई जारी है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष सुनील कुमार, पुअनि मशरूर आलम एवं थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## ट्रेन से शराब के साथ दो गिरफ्तार,भेजा गया जेल



**परवेज़ अख्तर/सीवान।** ट्रेन एस्कार्ट कंपनी गोरखपुर पूर्व व सीपीडीएस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ट्रेन से शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार को संयुक्त रूप से आपराधिक गतिविधि निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान गाड़ी संख्या 15566 नई दिल्ली -ललितग्राम वैशाली एक्सप्रेस के कोच संख्या बी वन से दो शराब तस्करों को अपने-अपने पीठ पर लिए पिट्ठू बैग में रखी विदेसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उसमें 142 बोतल शराब बरामद हुआ। जिसकी कीमत तीस हजार दो सौ रुपया है। गिरफ्तार जिला मुजफ्फरपुर के कोचहा थाना क्षेत्र के रामदास मंझौली वार्ड नंबर पांच निवासी आलोक कुमार व मिठ्ठू कुमार है।

## चाकू से हमला मामले में नहीं हुई कार्रवाई, लगाई न्याय की गुहार

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के सलेमपुर महादेवा निवासी आकाश कुमार बांसफोर को चाकू मारकर घायल मामले में 11 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अनुसूचित जाति-जन जाति थाना में प्राथमिकी में आठ लोगों को नामजद किया गया है। आकाश इस मामले में कार्रवाई के लिए थाना से लेकर एसपी तक चक्कर लगा रहा है। आकाश ने प्राथमिकी में बताया कि भूमि पर मैं अपना निर्माण कार्य करवा रहा था। 31 मई की सुबह अचानक महादेवा थाना क्षेत्र के चकिया टोला निवासी शंभू प्रसाद, मंटू ओझा, गोलू कुमार, चंदन कुमार, आकाश कुमार, राजू खरवार, जीतेंद्र उर्फ़ मंटू, चंद्रमा प्रसाद एवं चार अज्ञात लोग आए और गाली-गलौज देते हुए रंगदारी की मांग करने लगे।

## ससुराल में शराब पीकर पत्नी से मारपीट व हंगामा करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के जगतपुरा में शराब के नशे में हंगामा करने तथा पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के बलिया जिला अंतर्गत कोतवाली थाना क्षेत्र के विकास कालोनी निवासी मनोज श्रीवास्तव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मनोज श्रीवास्तव बुधवार की रात अपने ससुराल जगतपुरा आया हुआ था, जहां उसने शराब का सेवन करने के बाद हंगामा शुरू कर दिया और अपनी पत्नी के साथ मारपीट की। घटना की सूचना पत्नी द्वारा डायल-112 पुलिस टीम को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त युवक को उसके ससुराल से हिरासत में लेकर थाना लाई। थाना में ब्रेथ एनालाइजर से जांच किए जाने पर शराब पीने की पुष्टि हुई।

# आयोग की सख्ती के कारण बीमा कंपनी से पीड़िता को मिला 6.34 लाख का दावा राशि



**परवेज़ अख्तर/सीवान।** उपभोक्ता आयोग की सख्ती के कारण बीमा कंपनी को मृतक बीमाधारक की पत्नी को बीमा दावे की राशि का भुगतान करना पड़ा। इस संबंध में आयोग के अध्यक्ष जयराम प्रसाद ले बताया कि भगवानपुर हाट प्रखंड के कौड़िया निवासी लक्ष्मी देवी ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी एवं जीटीएफएस के विरुद्ध त्रुटिपूर्ण सेवा को लेकर जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार, लक्ष्मी देवी के पति ने जीटीएफएस के माध्यम से नेशनल इंश्योरेंस कंपनी की जनता पर्सनल एक्सीडेंट पालिसी ली थी, जिसमें लक्ष्मी देवी नामित थीं। पालिसी अवधि के दौरान दुर्घटना में उनके पति की मृत्यु हो गई। इसके बाद लक्ष्मी देवी ने बीमा दावा प्राप्त करने के लिए कंपनी को सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए, लेकिन कंपनी की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। पीड़िता ने अधिवक्ता के माध्यम से बीमा कंपनी को विधिक नोटिस भी भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के बाद आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य मनमोहन कुमार ने उपलब्ध साक्ष्यों और दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया तथा बीमा कंपनी को तत्काल दावा राशि का भुगतान करने का आदेश दिया। आदेश के बावजूद कंपनी ने भुगतान नहीं किया। इसके बाद आवेदिका ने आदेश के अनुपालन के लिए इजराय की प्रक्रिया शुरू कराई। आयोग के सख्त रुख के चलते अंततः बीमा कंपनी ने लक्ष्मी देवी के नाम छह लाख 34 हजार 144 रुपये का चेक जारी कर भुगतान कर दिया। वहीं आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य ने राशि आवेदिका को सुपुर्द करते हुए उनकी सहमति पर वाद का निष्पादन कर दिया।

## तीन चोरी की कांड में पांच गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** नगर थाना की पुलिस ने अलग-अलग तीन जगहों पर हुई चोरी की कांड में शामिल पांच चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जुड़कन निवासी इरशाद उर्फ भोला, नगर थाना क्षेत्र के शेख मोहल्ला निवासी राजन अहमद, बाबू अहमद, मो. छोटे व सोनार टोली निवासी अजय प्रकाश सोनी है। जिनके पास से सात चांदी का सिक्का व नकद 17 हजार रुपया बरामद हुआ है। वहीं पुलिस ने पांचों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि आठ जून को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गल्ला पट्टी स्थित एक दुकान का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या-589/26, दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। तकनीकी अनुसंधान एवं सीसी फुटेज के आधार पर घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने उक्त चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा नगर थाना कांड संख्या-568/26 एवं नगर थाना कांड संख्या-571/26 में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी के सामान खरीदने वाले तीन अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार कुल पांच अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। मामले में अग्रेतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, अपर थानाध्यक्ष अमित राम, प्र पुअनि राहुल कुमार, प्र पुअनि निरंजन कुमार, प्र पुअनि दिवाकर कुमार, सिपाही लालू कुमार व अभिषेक कुमार आदि शामिल थे।

## 26 फरियादियों ने एसपी को सुनाई अपनी पीड़ा



**परवेज़ अख्तर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में गुरुवार को जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान एसपी ने उपस्थित 26 लोगों की फरियादें सुनीं। जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का आन द स्पाट निपटारा किया गया।

एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही।

एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## राजद प्रखंड अध्यक्ष के जन्मोत्सव पर लगा बधांईयो का तांता




**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के भटकेसरी निवासी और राजद के प्रखंड अध्यक्ष श्री राम राय के जन्मदिन पर बधाईयों का तांता लग गया।

सभी ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।जलालपुर स्थित राजद प्रखंड कार्यालय में सैकड़ो समर्थकों के बीच उन्होंने केक काटकर अपना जन्मोत्सव मनाया।

उपस्थित लोगों ने उन्हे केक खिलाकर जन्मोत्सव की बधाई दी। लोगों का कहना है कि जब से वे प्रखंड अध्यक्ष बने हैं तब से राजद जलालपुर प्रखंड में काफी मजबूत हुई है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक व बिना ट्रेड लाइसेंस वाले प्रतिष्ठानों पर होगी कार्रवाई

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** नगर पंचायत बड़हरिया क्षेत्र में गुरुवार को कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम शीला के निर्देश पर प्रचार वाहन के माध्यम से व्यापक जन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़हरिया मुख्य बाजार सहित नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से व्यवसायियों एवं आम लोगों को आवश्यक निर्देशों की जानकारी दी गई। प्रचार वाहन से लोगों को सूचित किया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित सभी व्यवसायी शीघ्र अपना ट्रेड लाइसेंस बनवा लें। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करें। नगर पंचायत प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना ट्रेड लाइसेंस के प्रतिष्ठान संचालित करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद नगर पंचायत को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कुछ दुकानदार अभी भी प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग कर रहे हैं। यह कानून का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत द्वारा जल्द ही विशेष अभियान चलाकर ऐसे दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों की जांच की जाएगी। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर जुर्माना सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी व्यवसायियों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण के हित में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करें तथा समय रहते अपना ट्रेड लाइसेंस बनवा लें, ताकि किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके।

## पुरुषोत्तम मास के अंतिम सप्ताह में सोहागरा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**परवेज़ अख्तर/गुठनी(सिवान)।** आधिक मास के अंतिम सप्ताह में गुठनी के सोहागरा स्थित बाबा हंसनाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालत यह है कि अधिक मास का समापन हो रहा है और महादेव की पूजन व दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के पुजारी व महंत अरविंद गिरि द्वारा मंदिर की सीढ़ियों पर मैट लगवाया गया, ताकि भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। वहीं मंदिर परिसर में भी टेंट लगाकर छाया का प्रबंध कराया गया था।

## अतिक्रमण हटाने में भेदभाव का आरोप, छोटे दुकानदारों में आक्रोश

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** महाराजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर छोटे दुकानदारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि अभियान के दौरान भेदभावपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। उनका कहना है कि सड़क किनारे वर्षों से जीविकोपार्जन कर रहे छोटे दुकानदारों के ठेले और अस्थायी दुकानें हटाई जा रही हैं, जबकि प्रभावशाली लोगों द्वारा किए गए स्थायी अतिक्रमण को नजरअंदाज किया जा रहा है। आक्रोशित दुकानदारों ने कहा कि प्रशासन की कार्रवाई एकतरफा प्रतीत हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए गरीब और छोटे व्यवसायियों को उजाड़ा जा रहा है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। दुकानदार मनीष प्रसाद, जयराम प्रसाद, संजू तुरहा, नन्हे तुरहा,भगवान महतो,मोतीलाल प्रसाद, जयकुमार प्रसाद, झोला कुमार आदि का कहना है कि यदि भेदभावपूर्ण रवैया नहीं बदला गया तो वे न्यायालय की शरण लेंगे। इसके लिए प्रभावित दुकानदारों ने कानूनी सलाह लेना शुरू कर दिया है और सामूहिक रूप से कोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी कर रहे हैं। इस संबंध में नगर पंचायत के ईओ डा विपिन कुमार का कहना है कि दो दिनों के अतिक्रमण के दौरान पर्याप्त पुलिस उपलब्ध नहीं हो सका है। इसके लिए वे वरीय पदाधिकारी को पत्र दिये है। हर हाल में जो भी प्रभावशाली व्यक्ति अतिक्रमण किये है वहां से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## वर्षा के दौरान आठ घंटे बिजली गुल होने से उपभोक्ता परेशान

**परवेज़ अख्तर/बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा के चलते बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लगभग आठ घंटे तक बिजली न रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति पूर्वाह्न छह बजे से अपराह्न दो बजे तक बाधित रही, जिससे मोबाइल फोन डिस्चार्ज हो गए और दैनिक कार्य प्रभावित हुए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वर्तमान डिजिटल युग में बिजली और मोबाइल दोनों ही जीवन की आवश्यकताएँ बन चुके हैं। बैंकिंग, आनलाइन भुगतान, पढ़ाई, सरकारी कार्यों से लेकर आपसी संपर्क तक अधिकांश कार्य मोबाइल के माध्यम से हो रहे हैं। इसके अलावा, पानी के लिए मोटर न चलने से भी लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बताया कि हल्की हवा और सामान्य वर्षा के बाद भी बिजली काट दी जाती है, जिससे अनावश्यक परेशानी होती है। कई लोगों ने बिजली विभाग से व्यवस्था में सुधार की मांग की है ताकि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या आम हो गई है। यदि बिजली व्यवस्था को मजबूत किया जाए तो उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। घंटों बिजली गुल रहने से लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई है।

## छह घंटे गुल रही बिजली, वर्षा से खेतों में पानी देख किसानों के खिले चेहरे

**परवेज़ अख्तर/दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के रुकुंदीपुर पंचायत में गुरुवार की सुबह हुई बारिश के बाद करीब छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों को दिनभर पेयजल, घरेलू कार्यों एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संचालन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं रहने से उमस भरी गर्मी के बीच ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ गईं। वहीं, बारिश का दूसरा पहलू किसानों के लिए राहत भरा रहा। खेतों में पर्याप्त जलजमाव होने से धान की रोपाई एवं खरीफ फसलों की तैयारी को लेकर किसानों के चेहरे खिल उठे। किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से सिंचाई की समस्या काफी हद तक दूर होगी और खेती की लागत में भी कमी आएगी।ग्रामीणों ने बिजली विभाग से बारिश के दौरान बाधित आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, अच्छी बारिश से क्षेत्र में किसानों के बीच उत्साह का माहौल देखा गया।

## बिहार पुलिस में चयनित 22 अभ्यर्थियों का सम्मान विधायक ने बढाया हौसला

**परवेज़ अख्तर/महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के आकाशी मोड़ स्थित एक अकादमी में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में चयनित अकादमी के 22 छात्र-छात्राओं को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अतिथि विधायक हेम नारायण साह ने चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर युवा किसी भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं। सम्मानित होने वाले अभ्यर्थियों में गौरव कुमार, रजनीश कुमार, कुश कुमार, हेमंत कुमार, अरविंद कुमार, परवीन कुमार, अभया, सन्नी, बिपुल, ईसा, तन्नू, आरती, अंजली एवं सविता कुमारी सहित अन्य सफल अभ्यर्थी शामिल थे।

## 11 महीने से मानदेय नहीं मिलने पर आशा का फूटा गुस्सा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**परवेज़ अख्तर /गुठनी (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा ने 11 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से वे स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी जिम्मेदारियां पूरी निष्ठा से निभा रही हैं, लेकिन उन्हें पिछले 11 महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आशा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगी। उन्होंने संबंधित विभाग से अविलंब भुगतान कराने की मांग की है और उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से शीघ्र पहल करने की अपील की। इस इस मौके काफी संख्या में आशा उपस्थित थीं।

## घायल बाइक सवार ने कराई प्राथमिकी

**परवेज़ अख्तर /हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के हरिहंस बिसाती टोला निवासी इमरान हुसैन ने 9 जून को थाने में आवेदन देकर बीते 27 मई को हुई सड़क दुर्घटना के मामले में प्राथमिकी कराई है। दिए गए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि वह बाइक से अपनी पत्नी के साथ घर वापस लौट रहा था,तभी रात्रि पौने दस छाता बाजार के पास एमएच 03बीएस 5059 नंबर की चार पहिया वाहन चालक ने टक्कर मार दी। इससे मेरा दायां पैर टूट गया और मेरी पत्नी नाजनीन खातून गिरकर घायल हो गई। मौका पाते ही वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया,बगल के ग्रामीणों ने इलाज हेतु मुझे तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने पीएमसीएच रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## आपसी जमीन विवाद में मारपीट पांच लोग घायल

**परवेज़ अख्तर /सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के भागर गांव में आपसी जमीन विवाद में हुई मारपीट की घटना में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में स्थानीय निवासी लुकमान अंसारी की पत्नी हमिदन बीबी, पुत्र ताहिर हुसैन, ताहिर की पत्नी नूरैशा बेगम, पुत्र इरफान अंसारी व लुकमान का पुत्र गुलाब अंसारी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया।पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है।

## बाइक से गिरकर मां बेटी सहित तीन लोग घायल

**परवेज़ अख्तर /सिसवन (सिवान )।** थाना क्षेत्र के मांझी रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर बाइक से गिरकर मां बेटी सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गभीरार गांव निवी रघुनाथ राम का पुत्र रामचंद्र राम, ओम प्रकाश राम की पत्नी गुड़िया देवी व पुत्री 11 माह की रश्मिता कुमारी शामिल हैं। तीनों घायलों का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया।